महत्वपूर्ण एवं खास

नक्सलियों ने एक ग्रामीण की गला रेतकर की हत्या

कांकेर (आरएनएस)। जिले के ताडोकी थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम चिंगनार में नक्सलियों ने एक ग्रामीण लच्छू मरकाम की गला रेतकर हत्या कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने 21 मई को ग्रामीण लच्छू मरकाम पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाकर घर से अपहरण कर लिया था, जिसके बाद से परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। आज सुबह ग्रामीणों ने जंगल मे लच्छू का शव पड़ा देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी है।

नक्सलियों ने 407 मेटाडोर वाहन को आग के हवाले किया

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के चेरपाल नाला और रेडी नाला के संगम के पास रेत लेने गए 407 मेटाडोर वाहन को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी शशि भारद्वाज ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि कि रविवार को चेरकंटी गांव में चेरपाल नाला और रेडी नाला के संगम वाले स्थान पर गृह निर्माण कार्य के लिए रेत लेने गए 407 मेटाडोर वाहन को नक्सलियों ने आग लगा दी जिससे गाड़ी बुरी तरह से जल गई है। वाहन मालिक कृष्णा पडियार ने घटना के विषय में फोन कर थाने में सूचित किया और बताया कि उसकी गाड़ी घर में निर्माण कार्य के लिए रेत लेने गई हुई थी, तभी अचानक कुछ लोगों ने वहां पर आकर ड्राइवर को गाड़ी छोड़कर जाने के लिए कहा और वाहन में आग लगाकर चले गए।

पेड़ से गिरकर बालिका की हुई मौत

कांकेर (आरएनएस)। जिले के दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम पाऊरखेड़ा में तेंदु पेड़ में चढ़ी बालिका का हाथ बिजली तार के संपर्क में आने से लगे झटके से वह पेड़ से नीचे गिर जाने से उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम पाऊरखेड़ा में सीमा यादव उम्र 13 वर्ष पिता रजेसिंह गांव पाऊरखेड़ा में नाना-नानी के यहां पर रह रही थी। बालिका सीमा यादव पाऊरखेड़ा में तेंदू पेड़ पर चढ़ी थी। पेड़ के ऊपर से हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से बालिका को बिजली का झटका लगा और वह पेड़ से नीचे गिर जाने से उसकी मौत हो गई।

आमदई कैंप के पास दो आईईडी बरामद

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले के आमदई कैंप के पास दो आईईडी बरामद हुआ, जिसे बीडीएस की टीम ने सावधानी पूर्वक निष्क्रिय कर दिया है। नक्सलियों के द्वारा दो आईईडी कुकर बम जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया गया था, जवानों की सतर्कता से नक्सलियों की साजिश नाकाम हो गई। एसडीओपी अर्जुन कुर्रे ने बताया कि सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने आईईडी लगाया था, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया है।

राज्यपाल ने डिजीटल टीवी ग्लोबल गवर्नेंस टीवी और समग्र भारत टीवी का वर्चुअल शुभारंभ किया

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल अनुसुईया उइके ने आज वर्चुअल कार्यक्रम में डिजीटल टीवी ग्लोबल गवर्नेंस टीवी और समग्र भारत टीवी का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने ग्लोबल गवर्नेंस टीवी और समग्र भारत टीवी चैनल के शुभारंभ अवसर पर समाचार चैनल के संचालक कुमार राकेश, समस्त संवाददाता एवं तकनीकी सहयोगियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना जाता है। कोरोना काल में मीडिया ने आम जनता को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त भी समय-समय पर सटीक, निर्भीक, निष्पक्ष समाचारों का प्रसारण कर आम जनता तक पल-पल की खबरें आप सभी के द्वारा पहुंचाई जा रही है, जो कि अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि यह भी माना जा सकता है कि मीडिया की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका है और सरकारी मशीनरी को निरंतर कार्य करने और अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिए जागरूक रखने में भी मीडिया का बहुत बड़ा योगदान होता है।

कोरोना की तीसरे लहर की तैयारियों को लेकर संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने एम्स के डॉक्टरों की बैठक ली

रायपुर (आरएनएस)। संसदीय सचिव एवं विधायक विकास उपाध्याय एम्स पहुँचकर एम्स के डायरेक्टर डॉ. नितिन एम. नागरकर सहित तमाम बड़े डॉक्टरों की बैठक लेकर कोरोना के भविष्य में किसी तीसरी फेस से जूझने तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। विकास उपाध्याय ने एम्स के डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा, कोरोना काल में जिस मुस्तैदी के साथ एम्स परिवार ने काम किया है उसे नहीं भुलाया जा सकता। पीड़ितों को राहत पहुँचाने में एम्स के डॉक्टरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब हम इस संक्रमण के तीसरे फेस से जूझने तैयार रहने की जरूरत है।

एम्स के डॉक्टरों ने कहा, इस तरह की किसी परिस्थिति से सामना करने उनकी पूरी तैयारी है।विकास उपाध्याय इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव से भी आज शाम मुलाकात कर विस्तृत चर्चा करेंगे।

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय कोरोना के दूसरे फेस के बाद अब किसी तीसरे फेस की संभावना से किस तरह से लोगों को निजात दिलाई जाएगी, की तैयारी शुरू कर दी है। विकास उपाध्याय आज इसी को लेकर एम्स पहुँचे और तमाम बड़े डॉक्टरों की बैठक ली। बैठक में एम्स के डायरेक्टर डॉ. नागरकर सहित विभिन्न विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक सम्मिलित थे। विकास उपाध्याय ने बैठक की शुरूआत करते हुए कोरोना काल में एम्स के डॉक्टरों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा, उनके द्वारा इस दौरान किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने डॉक्टरों से पूछा, आज हम छत्तीसगढ़ में संक्रमण के दूसरे फेस को पार कर चूके हैं, परन्तु किसी तीसरे फेस की संभावना से इंकार नहीं कर सकते। ऐसे में इस बीच ब्लैक और व्हाइट फंगस को लेकर मरीजों की संख्या जिस तरह से बढ़ते जा रही है उसको लेकर एम्स की क्या तैयारी है, दवाईयों की क्या व्यवस्था है, भविष्य में बच्चों पर यह संक्रमण होता है तो कितने बच्चों को उपचार दे सकते हैं, इन तमाम चीजों की जानकारी उन्होंने डॉक्टरों के समक्ष रखा।

एम्स के डॉक्टरों ने संसदीय सचिव विकास उपाध्याय को सिलसिलेवार जानकारी देते हुए बताया कि एम्स संक्रमण के तीसरे लहर को लेकर पूरी तरह मुस्तैदी से तैयार है। खासकर बच्चों को यह संक्रमण प्रभावित करता है तो एम्स की पूरी तैयारी है कि आवश्यकतानुसार इन्हें आईसीयू, एनआईसीयू, पीएनआईसीयू का इंतजाम अभी से कर लिया गया है। डॉक्टरों ने यह भी बताया, एम्स जरूरत के अनुसार एमरजेंसी से संबंधित मेडिकल व्यवस्था बढ़ा सकती है, जिसकी भी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा, ब्लैक एवं व्हाईट फंगस को लेकर एम्स में पर्याप्त मेडिसिन एवं आवश्यक इंजेक्शन की व्यवस्था मौजूद है। विकास उपाध्याय को डॉक्टरों ने जानकारी दी कि दूसरे लहर के संक्रमित मरीजों की संख्या काफी हद तक कम हो गई है एवं अधिकांश आईसीयू एवं वेंटीलेटर खाली हैं, बावजूद किसी तरह की नये संक्रमितों के लिए हमारी तैयारी हमेशा है।

सरसो और रिफाइन तेल की कीमतों में कमी होने के आसार

» कोरोना लाकडाउन में बढ़े हैं खाने के तेलों की कीमत

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना संक्रमण के दूसरे स्टेज में महंगाई के कारणों से लोगो की कमर टूट चुकी है, खाने पीने के चीज़ों में बेतहाशा वृद्धि के चलते लोग आवश्यकता से कम सामग्री खरीद पा रहे है। डीज़ल -पेट्रोल की बात छोड़िए यहा तो खाद्यान्न तेलों की कीमतें भी दुगनी हो गई हैं। जानकर सूत्र बताते हैं कि बढ़ी हुई कीमतों का कारण परिवहन समस्या और कालाबाज़ारी हैं। जिसपर सरकार अपने तरिके से लगाम लगाने की तैयारी में जुटी है। कोरोना संक्रमण के पहले जिस सरसो और रिफाइन तेल को लोग जिस कीमत में खरीदारी करते थे उसकी कीमत आज दुगनी हो गई हैं।

थोक बाज़ार में भी ज्यादा रेट:- कोविड संक्रमण के चलते राजधानी रायपुर में थोक बाज़ार रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक खोलने के आदेश दिए थे, पर थोक बाज़ार में भी छोटे किराना दुकान व्यावसायी जब खाने के तेल लेने जाते है तो उन्हें भी डबल कीमत पर खरीदना पड़ता हैं।

कल से मिल सकती हैं राहत:- सरसों और रिफाइंड तेल के दाम, सरकार ने बुलाई तेल कारोबारियों की बैठक।मार्केट में पिछले साल तेल और रिफाइंड के दाम 200 के आंकड़े को छू चुके हैं। हल्के से हल्के ब्रांड के भी सरसों तेल और रिफाइंड तेल के दाम 170 से 180 रुपये किलो है। जिसकी वजह से आम आदमी अब परेशान हो चुका है।

टूलकिट मामले में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता गिरफ्तारी देने थाने पहुंचे

» राज्य सरकार के खिलाफ झूठे मुकदमा दर्ज करा गुण्डागर्दी करने का आरोप लगाकर किया प्रदर्शन

रायपुर (आरएनएस)। टूलकिट (गुप्त दस्तावेज) के मामले में भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमे करने वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ आज भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधायक राजेश मूणत, गौरीशंकर अग्रवाल, श्रीचंद सुंदरानी आदि नेताओ ने राजधानी रायपुर के सिविल लाईन थाने के सामने धरना-प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी देने थाने पहुंचे। इस दौरान सभी भाजपा नेताओ ने मास्क तो पहना रहा लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते नहीं दिखे।

टूलकिट के मामले में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. रमन सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री पात्रा के खिलाफ सिविल लाईन थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इस एफआईआर

के बाद पुलिस ने दोनों नेताओ को अपना बयान देने के लिए नोटिस भी भेजा है। भाजपा नेताओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के बाद से प्रदेश की राजनीति में नया उबाल देखा जा रहा है। एक ओर जहां कोरोना की महामारी से प्रदेश जूझ रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस और भाजपा के बीच टूलकिट का मामला जोर पकड़ने से यहां की सियासत भी गरमाई हुई है। प्रदेश भाजपा नेताओ ने इस मामले में आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कहने पर कांग्रेसियों द्वारा उनके खिलाफ झूठे मुकदमे थाने में दर्ज कराये जा रहे है।

प्रदेश में बढ़ी रिकवरी दर, प्रदेश की औसत रिकवरी दर भी बढ़कर 92 प्रतिशत हुई

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश के सभी जिलों में पिछले एक सप्ताह में रिकवरी दर में बढ़ोतरी हुई है। सभी जिलों में कोरोना से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रदेश की औसत रिकवरी दर में भी पिछले सप्ताह की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य शासन द्वारा कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रभावी उपायों से अब रिकवरी दर बढ़कर 92 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

प्रदेश में पिछले सप्ताह 16 मई को रिकवरी दर 87 प्रतिशत थी, जो अब 23 मई की स्थिति में 92 प्रतिशत पर पहुंच गई है। राज्य में

अब तक मिले कुल कोरोना संक्रमितों नौ लाख 49 हजार में से आठ लाख 70 हजार 640 स्वस्थ हो चुके हैं।

पिछले एक सप्ताह में मुंगेली जिले की रिकवरी दर में सर्वाधिक बढ़ोतरी हुई है। पिछले सप्ताह मुंगेली की रिकवरी दर 77 प्रतिशत थी जो अब 11 प्रतिशत बढ़कर 88 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है। बीते सप्ताह के दौरान कबीरधाम और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की रिकवरी दर में आठ प्रतिशत, रायगढ़, जांजगीर-चांपा और जशपुर की रिकवरी दर में सात प्रतिशत, कोरबा, नारायणपुर बालोद और बलौदाबाजार-भाटापारा की रिकवरी दर में छह प्रतिशत तथा कोरिया, गरियाबंद, बिलासपुर और सरगुजा की रिकवरी दर में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

वर्तमान में दुर्ग जिले की रिकवरी दर 96 प्रतिशत, राजनांदगांव और सुकमा की 97-97 प्रतिशत, बालोद की 94 प्रतिशत, बेमेतरा, कबीरधाम, कोरबा, गरियाबंद और कोंडागांव की 92-92 प्रतिशत, रायपुर की 96 प्रतिशत, धमतरी, बीजापुर, कांकेर और नारायणपुर की 91-91 प्रतिशत, बलौदाबाजार-भाटापारा, महासमुंद, रायगढ़, जांजगीर-चांपा और बस्तर की 90-90 प्रतिशत, बिलासपुर की 94 प्रतिशत, मुंगेली की 88 प्रतिशत, सरगुजा की 87 प्रतिशत, जशपुर की 86 प्रतिशत, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की 83 प्रतिशत, कोरिया की 81 प्रतिशत, सूरजपुर की 82 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज की 81 प्रतिशत तथा दंतेवाड़ा की 96 प्रतिशत है।

कोरोना मरीजों की मदद के लिए आईसीआईसीआई बैंक ने दिया 25 नग ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर

» कलेक्टर एस. भारतीदासन ने बैंक का जताया आभार

रायपुर (आरएनएस)। कोरोना संक्रमण से पीड़ित एवं प्रभावित लोगों की मदद का सिलसिला जारी है। स्वयंसेवी, समाजसेवी संस्थाओं, दानदाताओं एवं व्यावसायिक संगठनों द्वारा राज्य में कोरोना संक्रमण की रोकथाम, पीड़ितों एवं जरूरतमंदों की मदद के लिए शासन-प्रशासन से जुड़कर हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। इसी तारतम्य में आज आईसीआईसीआई बैंक के पदाधिकारियों ने कलेक्टर डॉ एस. भारतीदासन से उनके कार्यालय में मुलाकात कर 25 नग ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर प्रदान किया।

कलेक्टर ने कोरोना संकट काल में मरीजों एवं जरूरतमंदों की मदद के लिए बैंक द्वारा स्वस्फूर्त दिए गए इस सहायता की भूरि- भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि कोरोना से पीड़ितो की जीवन रक्षा और मानवता की सेवा का समय है। ऐसे समय में बैंक ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया है।

आईसीआईसीआई बैंक द्वारा राज्य में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सीएसआर मद से लगातार सहायता पहुंचाए जाने का काम किया जा रहा है। जिसमे 25 नग ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर रायपुर जिले के कोविड मरीजों की मदद के लिए विशेष तौर पर बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया है।कलेक्टर ने आईसीआईसीआई बैंक की इस सहायता के लिए आभार ब्यक्त किया।

यास चक्रवाती तूफानः रायपुर रेल मंडल से गुजरने वाली और 11 ट्रेनों को किया गया रद्द

रायपुर (आरएनएस)। यास चक्रवाती तूफान के कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत रायपुर रेल मंडल से गुजरने वाली और 11 ट्रेनों का परिचालन अलग-अलग दिनों में रद्द करने का फैसला रेलवे प्रशासन ने लिया है।

रेल मंडल के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन 11 गाड़ियों को रद्द किया गया है उनमे क्रमशः हावड़ा अहमदाबाद 25 व 26 मई को, अहमदाबाद- हावड़ा 25 × 29 मई, हावड़ा-मुम्बई 25 × 26 मई को, मुम्बई - हावड़ा 24 × 28 मई को, हावड़ा-पुणे 25 × 26 मई को, पुणे - हावड़ा 24 × 25 मई को, हावड़ा-ओखा- 25 मई को, ओखा- हावड़ा 30 मई को, हावड़ा-मुम्बई (गाड़ी न 02260) 26 मई को, मुम्बई - हावड़ा (गाड़ी न 02259) 25 मई को एवं एलटीटी कामाख्या 25 मई को रद्द किया गया है।

इससे पूर्व रेलवे ने ईस्ट कोस्ट रेलवे यास चक्रवात की चेतावनी के कारण रायपुर रेल मंडल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 02038 अजमेर- पुरी 25 मई को अजमेर से रद्द एवं गाड़ी संख्या 02094 जोधपुर-

पुरी 29 मई को जोधपुर से रद्द किया है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 02037 पुरी अजमेर 24 मई 2021 को पुरी से, गाड़ी संख्या 02145 एलटीटी -पुरी, 23 मई 2021 को एलटीटी (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) से, गाड़ी संख्या 02844 अहमदाबाद -पुरी 23 एवं 24 मई 2021 को अहमदाबाद से, गाड़ी संख्या 02146 पुरी-एलटीटी 25 मई 2021 को पूरी, गाड़ी संख्या 02828 सूरत-पुरी 25 मई 2021 को पूरी से, गाड़ी संख्या 02843 पुरी अहमदाबाद 25 एवं 27 मई 2021 को पूरी से, गाड़ी संख्या 02038 अजमेर पुरी 25 मई 2021 को अजमेर से, गाड़ी संख्या 02093 पुरी जोधपुर 26 मई 2021 को पूरी से एवं गाड़ी संख्या 08405 पुरी अहमदाबाद 26 मई 2021 को पूरी से रद्द किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनतमपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, मानवीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुम सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आकलन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को इसके कार्यक्रमों एवं अधिकारों के बारे में तत्पर किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवाएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

अगले 12 घंटों में चक्रवाती तूफान 'यास' के कारण छत्तीसगढ़ में भी हो सकती है बारिश

» बंगाल की खाड़ी में बना है कम दबाव का निशान

रायपुर (आरएनएस)। चक्रवात तूफान यास के चलते छत्तीसगढ़ के कई स्थानों में आने वाले 12 घंटे के बाद बारिश की संभावना जताई जा रही है। मौसम विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का निशान बना हुआ है। अगले 12 घंटे के दौरान इसके उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ने की संभावना है। 22 मई और 26 मई को चक्रवात तूफान यास उड़ीसा की उत्तरी भाग, बंगाल और बंगला देश के तट से टकराएगा।

❑ **एनडीआरएफ की 22 टीमे तैनात-** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान यास के कारण उड़ीसा, पश्चिम बंगाल तथा झारखण्ड के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हो सकती है। जिसके मद्देजनर जानमाल की क्षति भी पहुंच सकती है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की टीम लोगों को बचाने के लिए अपने-अपने उपाय करने लगे है, जिसके कारण एनडीआरएफ की 22 टीमे उड़ीसा के समुद्री तटीय जिलों के साथ

पश्चिम बंगाल में तैनात है।

❑ **छत्तीसगढ़ के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ होगी बारिश-** छत्तीसगढ़ राज्य के कई जिले उड़ीसा प्रांत के सीमा से लगे हुए हैं। महासमुंद और गरियाबंद जिले में तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही सरगुजा,बिलासपुर और बस्तर संभाग के कई इलाकों में तेज हवाएं भी चल सकती है।

❑ **गंभीर चक्रवात तूफान में बदल सकता है यास-** भारतीय मौसम विज्ञान केन्द्र भुवनेश्वर के वैज्ञानिकों के मुताबिक 24 मई तक तूफान बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा। यह उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ना जारी रखेगा। 26 मई की सुबह पश्चिम बंगाल के आसपास उड़ीसा के तटों से टकाराएगा और शाम होते-होते उड़ीसा पश्चिम बंगाल और झारखंड को पार करेगा।